# जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 5 विकेट से हरा टीम इंडिया ने किया सीरीज पर कब्जा

हरारे (एजेंसी)।

**भारतीय टीम ने शनिवार को जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 5 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम के बल्लेबाजों ने दूसरे वनडे में भी निराश किया। टीम 38.1 ओवर में 161 रन पर ही ढेर हो गई। इसके जवाब में भारत ने 5 विकेट खोकर 25.4 ओवर में 167 रन बनाकर ये मैच अपने नाम किया। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहला झटका कप्तान केएल राहुल के रूप में लगा। कप्तान केएल राहुल ने अगले सप्ताह शुरू हो रहे एशिया कप से पहले बल्लेबाजी अभ्यास के लिये शिखर धवन के साथ पारी की शुरूआत की लेकिन दूसरे ही ओवर में पांच गेंद में एक रन बनाकर विक्टर एनयुची की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जिसके बाद धवन और गिल के बीच दूसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 42 रन की तेजतर्रार साझेदारी हुई। हालांकि धवन 21 गेंद में 33 रन बनाकर आउट हो गए। इसके ईशान किशन और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी हुई, लेकिन किशन सिर्फ 6 रन बनाकर बोल्ड हो गए। गिल भी कुछ देर बाद 34 गेंद में 33 रन बनाकर आउट हुए। दीपक हुड्डा और संजू सैमसन के बीच पांचवें विकेट के लिए 58 गेंद में 56 रन की साझेदारी हुई। हुड्डा 36 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद संजू सैमसन ने 26वें ओवर में छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। सैमसन ने 39 गेंद में 43 रन बनाए। इस दौरान 3 चौके और 4 छक्के लगाए। इससे पहले टीम में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के उम्दा प्रदर्शन के दम पर भारत ने दूसरे एक वनडे में शनिवार को जिम्बाब्वे को 161 रन पर आउट कर दिया। दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में टीम में जगह बनाने वाले




ठाकुर ने 12वें ओवर में जिम्बाब्वे को दोहरे झटके दिये। उन्होंने सात ओवर में 38 रन देकर तीन विकेट चटकाये। जिम्बाब्वे के लिये सीन विलियम्स ने 42 गेंद में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 42 रन बनाये। उनके क्रीज पर आने के समय मेजबान का स्कोर 13वें ओवर में चार विकेट पर 31 रन था। ऑफ स्पिनर दीपक हुड्डा ने विलियम्स को आउट किया जिनका कैच डीप स्क्वेयर लेग पर शिखर धवन ने लपका । रियान बर्ल ने 47 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाये लेकिन दूसरे छोर पर उनका साथ देने के लिये बल्लेबाज नहीं बचे थे। जिम्बाब्वे ने आखिरी तीन विकेट आठ गेंद के भीतर गंवा दिये जिनमें विक्टर एनयुची और तनाका चिवांगा रन आउट हुए। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने अगर निराशाजनक प्रदर्शन नहीं किया होता तो जिम्बाब्वे का स्कोर और कम होता। विकेटकीपर संजू सैमसन ने अक्षर पटेल की गेंद पर एक कठिन कैच और स्टम्पिंग का मौका गंवाया। वहीं कुलदीप यादव ने अपनी ही गेंद पर आसान कैच छोड़ा। मोहम्मद सिराज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 6.1 ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया जिससे भारतीय बल्लेबाजों को एशिया कप से पहले एक बार फिर जरूरी अभ्यास नहीं मिल सकेगा। उछाल भरी हरारे एससी की पिच पर भारतीय गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन किया। पहले तीन ओवर में मेजबान बल्लेबाज एक ही रन बना सके। सिराज ने आठवें ओवर में पहली सफलता दिलाई । इसके बाद ठाकुर और कृष्णा ने विकेट लिये। सिकंदर रजा और विलियम्स की 40 रन की साझेदारी को कुलदीप ने तोड़ा। रजा ने उनकी गेंद पर ईशान किशन को कैच थमाया ।

## स्कोर बोर्ड

**ज़िम्बाब्वे:** कैटानो कै. सैमसन बो. सिराज 7, काया कै. सैमसन बो. शार्दूल 16, मधेवीरे कै. संजू सैमसन बो. कृष्णा 2, चकाब्वा कै. गिल बो. शार्दूल 2, सिकंदर कै. किशन बो. कुलदीप 16,विलियम्स कै. धवन बो. हूडा 42, रायन बर्ल (नाबाद) 39, जोंग्वे बो. शार्दूल 6, इवांस बो. अक्षर 9, नेयुची रन आउट 0, चिवंगा रन आउट 4, **अतिरिक्त:** 18, **कुल** (ओवर में 38.1) 161रन । **विकेट पतन:**1-20, 2-27, 3-29, 4-31, 5-72, 6-105,7-129, 8-149, 9-156, 10-161 । **गेंदबाजी:** सिराज 8-2-16-1, कृष्णा 6.1-1-28-1,शार्दूल 7-0-38-3, अक्षर 7-1-20-1,कुलदीप 8-0-49-1, हूडा 2-0-6-1 ।

**भारत:** धवन कै. काया बो. चिवंगा 33, राहुल पगबाधा नेयुची 1, गिल कै. इवांस बो. जोंग्वे 33, किशन बो. जोंग्वे 6, हूडा बो. सिकंदर 25,सैमसन (नाबाद) 37, अक्षर (नाबाद) 6 , अतिरिक्त 20, कुल (ओवर में 25.4) 5 विकेट पर 167 रन । **विकेट पतन:** 1-5,2-47, 3-83, 4-97, 5-153 । **गेंदबाजी:** चिवंगा7-0-38-1, नेयुची 4-0-32-1,जोंग्वे 4-0-33-2, इवांस 4-0-21-0, सिकंदर 4-0-16-1, विलियम्स 1-0-13-0, मधेवीरे1-0-7-0, काया0.4-0-6-0 ।

# भूमिका में स्पष्टता से खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों को काम करने की दिशा मिलती है: रोहित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का कहना है



कि खिलाड़ियों की भूमिका स्पष्ट करने से उन्हें खराब फॉर्म से जूझने के दौरान वह दिशा मिलती है जहां उन्हें ध्यान केंद्रित करना है और इससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने तथा फिर से मजबूत बनने में मदद मिलती है। रोहित को लगता है कि एक कप्तान के रूप में यह समझना उनका काम है कि जब खिलाड़ी खराब दौर से गुजर रहे हों तो उन्हें क्या चाहिए। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'फॉलो द ब्ल्यूज' पर कहा कि जाहिर है मेरे लिए यह कुछ खास लोगों के साथ जल्दी से ढलना और फिर यह समझना है कि उन्हें क्या चाहिए, उनके मजबूत पक्ष क्या हैं और उनके कमजोर पहलू क्या हैं। उन्हें प्रतिक्रिया दें और उनके साथ काम करें। टीम उस व्यक्ति से क्या उम्मीद कर रही है इस बारे में बहुत विशिष्ट रहें। भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे खिलाड़ी निखर सकता है क्योंकि जब हम उन्हें यह स्पष्टता देते हैं कि टीम आपसे क्या उम्मीद कर रही है तो वह उस दिशा में काम करने में सक्षम होगा और वह अपने खेल पर कई तरह से काम कर सकता है और फिर अपने खेल में सुधार भी कर सकता है।

## *चोट के कारण पाक के घातक गेंदबाज शाहीन अफरीदी एशिया कप से हुए बाहर*



***कराची ( एजेंसी )*** *। यूई में 27 अगस्त से शुरू होने जा रहे एशिया कप से पहले पाकिस्तानी टीम को तगड़ा झटका लगा है। पाकिस्तानी टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें डॉक्टरों ने 4 से 6 हफ्ते आराम करने की सलाह दी है। इस अवधि में एशिया कप( 27 अगस्त से 11 सितंबर) का आयोजन होना है। शाहीन का बाहर होना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। वो पाकिस्तानी टीम की गेंदबाजी की रीढ़ है उनके द्वारा दी गई शुरुआत का फायदा टीम को मिलता है।*

# बोल्ट और साउदी की घातक गेंदबाजी से जीता न्यूजीलैंड

**बारबाडोस ( एजेंसी )** । ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में 50 रनों से हराते हुए सीरीज में जोरदार वापसी की। तीन मैच की यह सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। वेस्टइंडीज ने पहला वनडे 5 विकेट से जीता था। बात दूसरे मुकाबले की करें तो न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फिन एलन के 96 रनों के दम पर मेजबानों के सामने 213 रनों का लक्ष्य रखा। इस स्कोर के सामने विंडीज की पूरी टीम 161 रनों पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के 6




बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाएं, वहीं तीन खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। ट्रेंट बोल्ट ने इस दौरान तीन तो टिम साउदी ने 4 विकेट लिए। सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 21 अगस्त को खेला जाना है। दूसरे वनडे से न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चोट के चलते बाहर हुए। उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम ने टीम की कमान संभाली। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कैरेबियन गेंदबाजों ने कप्तान निकोलस पूरन का यह निर्णय शुरुआती पलों में सही सबित किया क्योंकि पहले 10 ओवर में उन्होंने न्यूजीलैंड के 31 रन पर तीन विकेट गिरा दिए थे। इसके बाद फिन एलन और डेरेल मिशेल (41) के बीच चौथे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई।

## सितंबर में हो सकता है टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** । टी-20 वर्ल्ड 2022 का आयोजन इस बार ऑस्ट्रेलिया में होने वाला है। टूर्नामेंट 16 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें पहले क्वालिफायर होंगे और फिर मुख्य प्रतियोगिता 22 अक्टूबर से शुरू होगी। पिछले वर्ल्ड कप की तरह इस बार भारत पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अभियान की शुरुआत करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप मुकाबला 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में हिस्सा लेगी। इसके बाद घर पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज भी खेलेगी।

## केके, साद, जय, कुलदीप की विजयी शुरुआत

**भोपाल।** कृष्णकांत गंगवार, साद सिद्दीकी, कुलदीप सिंगोरिया, रामगोपाल और जय श्रीवास्तव ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर 25वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की है। टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में शहर के 100 से ज्यादा मीडिया से जुड़े प्लेयर भागीदारी कर रहे हैं। पहले दिन मेंस ग्रुप के पहले दौर के मुकाबले खेले गए। रविवार को सिंगल्स के अलावा वुमंस सिंगल्स / डबल्स तथा मेंस ग्रुप सिंगल्स और डबल्स के मैच खेले जाएंगे। जबकि सोमवार को मिक्सड डबल्स के अलावा सभी कैटेगरी के सेमीफाइनल भी होंगे। फाइनल मंगलवार को होगा। इससे पहले टूर्नामेंट का उदघाटन स्पोर्ट्स डायरेक्टर रवि गुप्ता, रिलायंस के आरओडब्ल्यू अनुपम जैन, सीनियर जर्नलिस्ट मृगेंद्र सिंह, भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट मुमताज खान, इंटरनेशनल क्रिकेटर जेपी यादव, हॉकी ओलिंपियन समीर दाद, इंटरनेशनल बिलियर्ड्स स्नूकर प्लेयर कमल चावला और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्डी हमीदुल्ला खान मामू ने किया।



## खास खबरें

### नगालैंड में 24 अगस्त को सीएसआर निवेश और बैंकिंग कॉन्क्लेव 2022 का उद्घाटन करेंगी निर्मला सीतारमण

**गुवाहाटी** । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नागालैंड में पहली बार आयोजित होने जा रहे सीएसआर निवेश और बैंकिंग सम्मेलन 2022 का उद्घाटन करेंगी। नागालैंड सीएसआर इन्वेस्टमेंट एंड बैंकिंग कॉन्क्लेव 2022 का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम के लिए नागालैंड की अपनी यात्रा स्थगित कर दी थी। उनकी यात्रा के स्थगित होने के कारण नागालैंड सरकार ने अपने पहले सीएसआर निवेश और बैंकिंग सम्मेलन के आयोजन को टाल दिया था। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 4 और 5 जुलाई को होने वाले नागालैंड सीएसआर और निवेश सम्मेलन 2022 में भाग लेने वाली थीं। सीएसआर कॉन्क्लेव नागालैंड में अपनी तरह का पहला सम्मेलन है। जिसका आयोजन निवेश और विकास प्राधिकरण नागालैंड (आईडीएएन) द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव को नागालैंड में सीएसआर निवेश की आवश्यकता को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सम्मेलन के दौरान सीतारमण नागालैंड के व्यापारिक समुदाय और महिला उद्यमियों के साथ बैठक करेंगी।

# रिपोर्ट में दावा : कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रहीं कई कंपनियां

## आर्थिक मंदी के बीच डराने वाली खबर

नई दिल्ली

**दुनियाभर की कम से कम आधी कंपनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही हैं। वहीं, ज्यादातर कंपनियां आर्थिक मंदी की वजह से बोनस कम कर रही हैं और नौकरी के ऑफर को भी रद्द कर रही हैं। एक नई रिपोर्ट ने इसका खुलासा किया गया है।**

अमेरिका में नवीनतम पीडब्ल्यूसी पल्स:2022 में व्यावसायिक जोखिमों का प्रबंधन सर्वेक्षण के अनुसार, 50 फीसदी उत्तरदाताओं ने अपने समग्र हेडकाउंट को कम करने की बात कही। इसके साथ ही बिजनेस लीडर्स भी टैलेंट को जॉब ऑफर करने या फिर रीटेन करने को लेकर भी असमंजस में हैं। गुरुवार को सामने आई रिपोर्ट में कहा गया है कि एक ही समय पर, कंपनियां कार्यबल को सुव्यवस्थित करने और भविष्य के लिए कार्यकर्ता कौशल का उपयुक्त मिश्रण स्थापित करने के लिए सक्रिय




कदम उठा रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में काम पर रखने के आवेश और कठिन लेवर मार्केट के बाद, अधिकारी लोगों को रखने और सही कौशल वाले लोगों के बीच अंतर की तुलना कर रहे हैं।

रिपोर्ट में खुलासा किया गया है, उदाहरण के तौर पर 50 प्रतिशत कंपनियां अपने कुल कर्मचारियों की संख्या कम कर रहे हैं, 46 प्रतिशत कंपनिया साइनिंग बोनस को कम कर रहे हैं या कटौती कर रहे हैं और 44 प्रतिशत नौकरी के नए ऑफर को रद्द कर रहे हैं। जुलाई तक अमेरिका में 32,000 से अधिक तकनीकी कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट और मेटा (पूर्व में फेसबुक) जैसी बड़ी टेक कंपनियां भी शामिल हैं, लेकिन तकनीकी क्षेत्र के लिए सबसे बुरा दौर अभी तक खत्म नहीं हुआ है।इस दौरान बड़े पैमाने पर स्टॉक की बिक्री देखी गई है। भारत में कोरोना महामारी शुरू होने के बाद से 25,000 से अधिक स्टार्टअप कर्मचारियों ने नौकरी खो दी है और इस वर्ष 12,000 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया गया है। पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये एहतियाती कदम कुछ उद्योगों में ज्यादा हैं। पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, उपभोक्ता बाजार और प्रौद्योगिकी, मीडिया और दूरसंचार कंपनियां श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए स्वचालन में निवेश करने की ज्यादा संभावना तलाश रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवा अन्य उद्योगों की तुलना में बड़ी प्रतिभा चुनौतियों को देख रही है और हाल ही में छोड़ कर गए कर्मचारियों को फिर से काम पर रखने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है।

## जियो का बूस्टर डिवाइस दोगुनी कर देगा वाईफाई स्पीड

**नई दिल्ली** । देश की नंबर-1 टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो, जियोफाइबर के नाम से फाइबर ब्रॉडबैंड सेवाएं पेश करता है। जियोफाइवर भारत का नंबर एक फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइडर भी है। जियो यूजर्स को इंटरनेट यूज करने में कोई परेशानी नहीं आए इसके लिए जियो कई वाईफाई सिग्नल बूस्टर डिवाइस पेश करता है। अगर आपका घर बड़ा है या उसमें कई फ्लोर्स हैं तो आपका वाईफाई सिग्नल घर के हर हिस्से में नहीं पहुंच पता है। ऐसे में आप जियोफाइवर के इस खास डिवाइस को खरीद सकते हैं जिसको लगाने के बाद आपके घर के हर हिस्से में वाईफाई तूफानी रफ्तार से चलने लगेगा। आइए आपको बताते हैं। रिलांयस जियो भारत में ग्राहकों को वाई-फाई मेश एक्सटेंडर दे रहा है। इस एक्सटेंडर को जेसीएम 12 कहा जाता है। यह एक क्लासिक वाई-फाई मेश एक्सटेंडर है जो केवल 2,499 रुपये में उपलब्ध है।

## गौतम अडानी के हाथों बिकी दिग्गज कंपनी, 7017 करोड़ रुपए में हुई बड़ी डील

नई दिल्ली।

गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी पावर ने एक बड़ी डील की है। अडानी ग्रुप की यह कंपनी एक दिग्गज कंपनी को खरीदने जा रही है। दरअसल, अडानी पावर ने छत्तीसगढ़ के डीबी पावर के अधिग्रहण का ऐलान किया है। यह डील 7,017 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर तय हुई है।

दोनों कंपनियों के बीच एमओयू की शुरुआती अवधि 31 अक्टूबर 2022 तक होगी, लेकिन आपसी सहमति से इसे अभी भी आगे बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने इसकी जानकरी दी है।

इस डील की जानकारी देते हुए नियामक फाइलिंग में अडानी समूह की कंपनी ने कहा, अधिग्रहण से कंपनी को छत्तीसगढ़ राज्य में थर्मल पावर का विस्तार करने में मदद मिलेगी। हालांकि, इस डील को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिलना जरूरी है, जो अब तक नहीं मिली है। आपको बता दें कि डीबी पावर, छत्तीसगढ़ के जिला जांजगीर चांपा में चल रहे 2×600 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट का संचालन करती है। इस कंपनी की स्थापना अक्टूबर 2006 में की गई थी। डिलिजेंट पावर के पास फिलहाल डीबी पावर की होल्डिंग है। वर्तमान में, डीबी पावर के पास अपनी क्षमता के 923.5 मेगावाट के लिए लॉन्ग और मिड टर्म की बिजली खरीद समझौते हैं। यानी कंपनी के पास इस समय बड़ी डील है।

अब बात करते हैं अडानी पॉवर के शेयर की तो उसमें भी अभी तेजी है। अगर आज कि बात करें तो बीएसई पर, अडानी पावर के शेयर 12.80 रुपये या 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 412.20 रुपये पर बंद हुए। वहीं, कंपनी का मार्केट कैप लगभग 1,58,983.02 करोड़ रुपये है। इतना ही नहीं, इस बिकवाली के माहौल में भी इससे पहले, कंपनी ने 419 रुपये के नए 52-सप्ताह के उच्च स्तर को छुआ था।

**स्पेशल खबर** *आयातित सामान पर मूल नियमों के टकराव में लागू होगा एफटीए प्रावधान*

# माल की डंपिंग रोकने में मिलेगी मदद

नई दिल्ली।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि राजस्व विभाग और आयातक के बीच टकराव के मामले में मूल देश के संबंध में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में दी गई विशेष छूट अवश्य लागू होगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबी आई सी) ने मुख्य आयुक्त को दिए निर्देश में कहा है कि सीमा शुल्क के अधिकारियों को आवेदन देने में संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। साथ ही संबंधित व्यापार समझौते के प्रावधानों या इसके मूल नियमों के प्रावधानों पर अमल करते रहना चाहिए।

सीमा शुल्क के संबंध में 21 अगस्त, 2020 को अधिसूचना जारी की गई थी। 21 सितंबर, 2020 से अमल में लाया गया था। नियमों के तहत सीमा शुल्क अधिकारी को ऐसा लगता है कि उत्पादक देश के निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं किया गया है तो वह आयातक से कारोबार समझौते के तहत और जानकारी मांग सकते हैं। जानकारी नहीं मिलने पर अधिकारी आगे सत्यापन कर सकते हैं।

**माल की डंपिंग रोकने में मिलेगी मदद :** इस प्रावधान के तहत किसी देश ने भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किया है तो वह किसी तीसरे देश से माल को भारतीय बाजार में केवल एक लेबल लगाकर नहीं भेज सकता है। उसे भारत को निर्यात करने के लिए उस उत्पाद में एक निर्धारित मूल्यवर्धन करना होगा। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और आसियान देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता किया है।

**आयातकों की चिंताओं को दूर करेगा :** अर्नेस्ट एंड यंग के भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि यह निर्देश काफी हद तक आयातकों की चिंताओं को दूर करेगा। खासकर वहां, जहां भी एफटीए आधारित छूट का लाभ उठाया जा रहा है। वर्तमान में नियमों के लिए आंकड़ों और तथ्यों को व्यापक रूप से पेश करने की आवश्यकता होती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि स्पीकर और सिम ट्रे जैसे कलपुर्जों के साथ आने वाली मोबाइल फोन डिस्प्ले असेंबली के आयात पर 15 फीसदी की दर से ही बुनियादी सीमा शुल्क (बीसीडी) लगेगा। सीबीआई सी ने कहा, डिस्प्ले असेंबली के आयात में गलत जानकारियां देने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसे दूर करने को बीसीडी में बदलाव किया गया है।

# 1000 करोड़ रुपए के मुफ्त उपहार बांटने के आरोपों पर माइक्रो लैब्स ने दी सफाई, कहा, 'असंभव'

नई दिल्ली।

डोलो-650 के निर्माताओं ने 1000 करोड़ रुपये डॉक्टरों को घूस के रूप में देने के आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। कंपनी ने इसे असंभव बताया है। बेंगलुरु की कंपनी ने कहा है कि अपने उत्पाद को प्रमोट करने के लिए डॉक्टरों को एक हजार रुपये के मुफ्त उपहार बांटने की खबर तथ्यहीन और गलत है।

कंपनी ने दावा किया है कि जब कोविड अपने चरम पर था तब कंपनी ने महज 350 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ऐसे में कंपनी के लिए यह संभव ही नहीं था कि वह इतनी बड़ी राशि अपने उत्पाद को प्रमोट करने के लिए खर्च करे।

डोलो-650 की निर्माता कंपनी माइक्रो लैब्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एंड कम्यूनिकेशन जयराज गोविंदराजू ने कहा है कि कि ऐसी कंपनी के लिए जिसने कोविड से प्रभावित वर्ष में सिर्फ 350 करोड़ रुपये का कारोबार किया है उसके लिए अपने उत्पाद की मार्केटिंग पर 1000 करोड़ रुपये जैसी बड़ी राशि खर्च करना असंभव है। वैसी स्थिति में जब डोलो-650 दावा एनएलईएम (प्राइस कंट्रोल) के तहत बाजार में बिकती है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र से दवा कंपनियों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने जनहित याचिका पर 10 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। याचिका में कहा गया है कि दवा कंपनियां डॉक्टरों को उनकी दवाओं की सलाह देने के लिए कई तरह के उपहार ऑफर करती है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017